FINANCIAL EXPRESS, Delhi, 15.4.2023
Page No. 11, Size:(4.39)cms X (3.92)cms.

**GAIL GAS** Goutom Chakraborty has taken over the charge from Raman Chadha as the CEO of GAIL Gas Limited. Previously, he was the Executive Director for City Gas Distribution (CGD) Business Vertical in GAIL. He is also on the Board of Directors of Bengal Gas Company Ltd. & Tripura Natural Gas Company Ltd (Joint Venture Companies of GAIL. An Electrical Engineer with an MBA in Marketing, he has a rich experience of over 32 years in the Natural Gas value chain & has been instrumental in implementing marketing strategies that have increased gas sales.



FINANCIAL EXPRESS
READ TO LEAD
Sat, 15 Apri
https://epap



**GAIL GAS** Goutom Chakraborty has taken over the charge from Raman Chadha as the CEO of GAIL Gas Limited. Previously, he was the Executive Director for City Gas Distribution (CGD) Business Vertical in GAIL. He is also on the Board of Directors of Bengal Gas Company Ltd. & Tripura Natural Gas Company Ltd (Joint Venture Companies of GAIL. An Electrical Engineer with an MBA in Marketing, he has a rich experience of over 32 years in the Natural Gas value chain & has been instrumental in implementing marketing strategies that have increased gas sales.

The Indian EXPRESS

## ओएनजीसी और ऑयल इंडिया की आय घटेगी

# नए मूल्य निर्धारण मानदंड से घटेगी गैस उत्पादकों की आय : एसएंडपी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की नई गैस मूल्य निर्धारण व्यवस्था से ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड जैसी गैस कंपनियों की आय घटेगी। एसएंडपी रेटिंग्स ने शुक्रवार को यह बात कही।

हालांकि, नये मानदंड कठिन क्षेत्रों से उत्पादित गैस की कीमतों को प्रभावित नहीं करेंगे। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसी कंपनियां इस तरह के क्षेत्रों का संचालन करती हैं। सरकार ने छह अप्रैल, 2023 को नए दिशानिर्देशों की घोषणा की थी। इसके तहत सरकार घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की कीमतें मासिक आधार पर तय करेगी।

### ऊपरी सीमा भी तय की गई

यह दर पिछले महीने में भारतीय क्रूड बास्केट (भारत द्वारा आयातित कच्चे तेल की औसत कीमत) का 10 प्रतिशत होगी। सरकार ने गैस कीमत के लिए चार अमेरिकी डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट (यूनिट) की निचली सीमा और 6.5 डॉलर प्रति यूनिट की ऊपरी सीमा भी तय की।




- सरकार ने 6 अप्रैल को नए दिशा निर्देश की घोषणा की
- सरकार गैस की कीमतें मासिक आधार पर तय करेगी
- पहले कीमतों की छह महीने में एक बार समीक्षा की जाती थी

***कीमतों में अधिक तेजी से संशोधन होंगे :*** *एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स की साख विश्लेषक श्रुति जटाकिया ने कहा, 'हमें उम्मीद है कि नये गैस मूल्य निर्धारण मानदंडों से कीमतों में अधिक तेजी से संशोधन होंगे।' इससे पहले कीमतों की छह महीने में एक बार समीक्षा की जाती थी।*

### ओएनजीसी चार डॉलर प्रति यूनिट का मूल्य पाएगी

एसएंडपी ने एक बयान में कहा, 'निचली मूल्य सीमा का मतलब है कि ओएनजीसी अपने गैस उत्पादन पर कम से कम चार डॉलर प्रति यूनिट का मूल्य हासिल कर सकेगी, भले ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्राकृतिक गैस की कीमतें ऐतिहासिक रूप से कम हो जाएं।' इसी तरह कीमतों की ऊपरी सीमा ओएनजीसी के लिए आय में वृद्धि सीमित करेगी। खासतौर से मौजूदा बढ़ी हुई कीमतों के बीच ऐसा देखने को मिलेगा।

### इंडियनऑयल, अदाणी-टोटल, शेल ने रिलायंस केजी-डी6 से गैस ली

सार्वजनिक क्षेत्र की इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), अदाणी-टोटल गैस लिमिटेड और शेल सहित 29 कंपनियों ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लि. और बीपी के केजी-डी6 ब्लॉक के सबसे गहरे क्षेत्र से उत्पादित प्राकृतिक गैस के लिए सफल बोली लगाई है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

### गेल ने सात लाख यूनिट गैस खरीदी

मामले की जानकारी रखने वाले दो सूत्रों ने कहा कि आईओसी ने हुई ई-नीलामी में बेची गई 60 लाख मानक घन मीटर प्रतिदिन (यूनिट) गैस में से लगभग आधी गैस को खरीदा। इसके अलावा गेल ने सात लाख यूनिट, अडानी-टोटल गैस लिमिटेड चार लाख यूनिट, शेल ने पांच लाख यूनिट, जीएसपीसी ने 2.5 लाख यूनिट और आईजीएस ने पांच लाख यूनिट गैस खरीदी।

### बोली में 41 कंपनियों ने भाग लिया

रिलायंस-बीपी ने अपने पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक में एमजे क्षेत्र से गैस की बिक्री के लिए ई-नीलामी की। सीएनजी बेचने वाली सिटी गैस कंपनियों को आपूर्ति के लिए प्राथमिकता देने के सरकार के नए विपणन नियमों के तहत यह नीलामी की गई। सूत्रों ने बताया कि बोली में सिटी गैस, उर्वरक, ऑयल रिफाइनरी, ग्लास, सिरैमिक्स और ट्रेडर्स सहित विभिन्न क्षेत्रों की 41 कंपनियों ने भाग लिया।

### मूल्य वैश्विक बाजार से जोड़े गए थे

गैस के मूल्य को वैश्विक एलएनजी बाजार- जेकेएम (जापान कोरिया मार्कर) से जोड़ा गया था, लेकिन यह सरकार द्वारा अधिसूचित उच्चतम मूल्य सीमा के अधीन होगा। बोलीदाताओं को गैस की कीमत 'जेकेएम + वी' सूत्र के रूप में बताने के लिए कहा गया था। इसमें वी वैरिएबल है। उन्होंने कहा कि अंतिम बोली मूल्य (जेकेएम + 0.75 डॉलर प्रति 10 लाख ब्रिटिश थर्मल यूनिट) रहा।